RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 01 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 232 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

केईएम अस्पताल में विशेष पेन रिलीफ ऑपरेशन की शुरूआत




Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में CM पर सस्पेंस खत्म !

## अजित पवार ने बता दिया किस पार्टी का होगा मुख्यमंत्री

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस खत्म होता नजर आ रहा है. शनिवार को एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने सीएम फेस को लेकर बड़ा बयान दिया. अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अगला सीएम बीजेपी का होगा और शिवसेना-एनसीपी का डिप्टी सीएम होगा. इसके साथ ही उन्होंने सरकार गठन में देरी को लेकर भी जवाब दिया.

पुणे में अजित पवार ने कहा, ''राज्य में सरकार गठन पर कार्यवाहक डीसीएम अजित पवार ने कहा, ''बैठक (महायुति नेता की दिल्ली बैठक) के दौरान यह निर्णय लिया गया कि महायुति भाजपा के सीएम के साथ सरकार बनाएगी और शेष दो दलों के डीसीएम होंगे. यह पहली बार नहीं है जब देरी हुई है, अगर आपको याद हो, 1999 में सरकार गठन में एक महीने का समय लगा था.''



**महायुति सरकार का गठन कब?**

महाराष्ट्र में नई महायुति सरकार के गठन के लिए 5 दिसंबर की शाम मुंबई के आजाद मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शपथग्रहण समारोह होगा. बीजेपी की प्रदेश इकाई ने शनिवार (30 नवंबर) को यह जानकारी दी. हालांकि, अभी तक यह घोषणा नहीं की गई है कि मुख्यमंत्री कौन होगा?

**एकनाथ शिंदे पहले ही छोड़ चुके सीएम पद का दावा**

बीजेपी सूत्रों ने बताया कि देवेंद्र फडणवीस इस शीर्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं. वह दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं और पूर्ववर्ती एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में डिप्टी सीएम थे. एकनाथ शिंदे ने सीएम पद को लेकर अपना दावा पहले ही छोड़ दिया है. उन्होंने कहा था बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से लिए गए किसी भी निर्णय को वो स्वीकार करेंगे और सरकार गठन में कोई अड़चन नहीं आएगी.

**सरकार गठन में देरी पर उद्धव ठाकरे ने उठाए सवाल**

बता दें कि महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी को लेकर विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं. शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे सवाल किया कि अगर हम लोग इस तरह से सरकार बनाने में देरी कर रहे होते तो अभी तक राज्य में राष्ट्रपति शासन लग गया होता.

## क्राइम ब्रांच ने बाबा सिद्दीकी हत्या के मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (MCOC एक्ट) के तहत कार्रवाई

**मुंबई :** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ा एक्शन लिया है। क्राइम ब्रांच ने बाबा सिद्दीकी हत्या के मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम



(MCOC एक्ट) के तहत कार्रवाई की। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अब तक 26 लोगों की गिरफ्तार किया है। वहीं तीन आरोपी शुभम रामेश्वर लोंकार, जीशान मोहम्मद अख्तर, और अनमोल बिश्नोई अभी भी गिरफ्त से बाहर है और क्राइम ब्रांच की टीम इनकी तलाश में जुटी हुई है।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने भारतीय दंड संहिता (BNS) की धारा 103(1) (हत्या), 109 (अपराध को बढ़ावा देना), 125 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), और 3(5) (सामान्य व्याख्याएं) के तहत एफआईआर दर्ज की। इसके साथ ही, आर्म्स एक्ट की धारा 3 (हथियार या गोला-बारूद रखना या ले जाना), 5 (बिना लाइसेंस के हथियार या गोला-बारूद की बिक्री या स्थानांतरण), 25 (हथियार बलात्कारी तरीके से लेना), और 27 (हथियार का उपयोग) भी लगाई गई हैं। इसके अलावा, एमपीए एक्ट की धारा 37 (हथियार रखना) और 135 (कानूनी आदेश का उल्लंघन) के तहत भी आरोप लगाए गए हैं।

**फरार आरोपियों की तलाश जारी**

शुरूआत में यह मामला निरमल नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था, लेकिन अब इसकी जांच मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा की जा रही है। मुंबई पुलिस अब इस हाई-प्रोफाइल हत्या के मामले में फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। इस मामले में अभी और भी गिरफ्तारी हो सकती है क्योंकि पुलिस और क्राइम ब्रांच के अधिकारियों द्वारा छानबीन लगातार जारी है।

## राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे मिलाएंगे हाथ!

### शिवसेना (UBT) के नेता अंबादास दानवे ने दिया बड़ा बयान

**छत्रपति संभाजीनगर:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी की करारी हार के बाद गठबंधन टूटने का खतरा मंडरा रहा है। बीएमसी चुनाव में अकेले लड़ने को लेकर शिवसेना (यूबीटी) में कई सुर उठ रहे है। इसी बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक होने की चर्चा भी राजनीतिक गलियारों में तेज हो गई है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने इस पर बड़ा बयान दिया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने शनिवार को कहा कि केवल उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे ही यह तय कर सकते हैं कि वे दोनों हाथ मिलाना चाहते हैं या नहीं। दानवे ने कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) प्रमुख राज ठाकरे की राजनीतिक स्थिति अस्पष्ट है और लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वह राज्य सरकार का समर्थन कर रहे हैं या विरोध।

**हर चुनाव के बाद होती है ऐसी चर्चा**

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष दानवे ने संवाददाताओं



से कहा कि ''हर चुनाव में हार के बाद ऐसी चर्चाएं होती हैं कि ठाकरे भाइयों को एक साथ आना चाहिए। चुनाव के नतीजे आने के बाद हर आठ या दस दिन में आपको ये चर्चाएं देखने को मिलेंगी। केवल वे ठाकरे बंधु ही तय कर सकते हैं कि वे एक साथ आना चाहते हैं या नहीं। हमारी कोई भूमिका नहीं है।''

**राज ठाकरे का राजनीतिक रुख स्पष्ट नहीं**

उद्धव ठाकरे गुट के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि राज ठाकरे का राजनीतिक रुख स्पष्ट नहीं है। दानवे ने कहा कि ''लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि राज ठाकरे का रुख सरकार के पक्ष में है या उसके खिलाफ। मनसे ने महायुति के खिलाफ उम्मीदवार उतारे, जबकि दूसरी ओर उन्होंने राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा के देवेंद्र फडणवीस की वकालत की। उनके रुख में कोई स्पष्टता नहीं है।'' बता दें कि राज ठाकरे की मनसे ने महाराष्ट्र विधानसभ चुनाव 2024 अकेले लड़ा था। इस चुनाव में पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरे राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे भी माहिम विधानसभा सीट से चुनाव हार गए है।

## संपादकीय...



# यूपीआई धोखाधड़ी का मुकाबला

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

बीते कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान लेनदेन में उल्लेखनीय इजाफा देखने को मिला है। बहरहाल, देश के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में इस असाधारण वृद्धि के साथ ही धोखाधड़ी के मामलों में भी इजाफा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने हाल ही में संसद के सामने जो आंकड़े पेश किए वे दिखाते हैं कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जुड़ी धोखाधड़ी की रकम 2023-24 में 1,087 करोड़ रुपये हो गई जो 2022-23 के 573 करोड़ रुपये से 85 फीसदी अधिक थी। भुगतान संबंधी धोखाधड़ी के मामले भी 2022-23 के 7.25 लाख से बढ़कर 2023-24 में 13.4 लाख तक पहुंच गए। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत में यूपीआई भुगतान धोखाधड़ी के 6.32 लाख मामले सामने आए। इनमें करीब 485 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी। ये आंकड़े चिंताजनक हैं और भविष्य में इसका इस्तेमाल करने वालों को प्रभावित कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान लेनदेन का कुल आकार 2017-18 के 2,017 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया। इस दौरान चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) 44 फीसदी रहा। इसी तरह समान अवधि में लेनदेन का मूल्य 11 फीसदी सीएजीआर के साथ 1,962 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3,635 लाख करोड़ रुपये हो गया।

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में लेनदेन का आकार करीब 86.59 अरब रहा जबकि कुल लेनदेन का मूल्य 1,669 लाख करोड़ रुपये का था। डिटिजल लेनदेन में यूपीआई सबसे बड़ा माध्यम था। कुल लेनदेन में यह करीब 80 फीसदी का हिस्सेदार रहा और कम भुगतान करने वाले लोगों का सबसे पसंदीदा माध्यम रहा। इस संदर्भ में भुगतान और लेनदेन को सुरक्षित करना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। अतीत में कई पहल की गईं ताकि देश में डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को नियंत्रित किया जा सके। इसमें बहुकारक प्रमाणन व्यवस्था, रोजाना लेनदेन की सीमा और यूपीआई ऐप्लीकेशंस में इनक्रिप्शन तकनीक का इस्तेमाल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) भी यूपीआई की सुरक्षा मजबूत करने को लेकर सक्रिय रहा है और उसने बैंकों को धोखाधड़ी वाले लेनदेन को नकारने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संचालित फ्रॉड मॉनिटरिंग प्रणाली की पेशकश की है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी 2019 में राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरूआत की ताकि डिजिटल भुगतान संबंधी धोखाधड़ी उजागर की जा सके।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# भिवंडी पुलिस ने एक होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**मुस्तकीम खान संवाददाता**

**भिवंडी:** शान्तिनगर पुलिस ने होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे एक 20 वर्षीय अपराधी को एक हाई-प्रोफाइल सोसायटी की इमारत की छत पर घुसने, वहां, हस्तमैथुन करने और महिलाओं के सूख रहे कपड़ों पर अपना वीर्य गिराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले डेढ़ वर्षों से ऐसा कर रहा था , लेकिन महिलाएं शर्म के कारण चुप थीं,जब ये घटनाएं बढ़ गईं तो उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठाई और बाद में बिल्डिंग की छत पर सीसीटीवी कैमरा लगवाए, जिसके बाद पूरा मामला सामने आया ।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद रेयान मोहम्मद नाज़िफ सिद्दीकी के रूप में हुई है, जो होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है और शहर



के गैबी नगर इलाके का निवासी है ।यह घटना भिवंडी के हाई-प्रोफाइल रिहायशी इलाके में हुई ,जब चौकीदार खाना खाने और आराम करने के लिए दोपहर में चला जाता था उस समय का फायदा उठाकर सिद्दीकी नामक युवक बिल्डिंग में चढ़ जाता था, इसके बाद वह हस्तमैथुन करता और अपना वीर्य बिल्डिंग की छत पर सूखने के लिए रखे कुछ महिलाओं के कपड़ों पर गिरा देता था। आरोपी को पकड़ने वाले शांतिनगर पुलिस स्टेशन के एपीआई सजेर्राव पाटिल ने कहा कि शुरूआत में महिलाओं ने कुछ नहीं कहा लेकिन जब ये घटनाएं नहीं रुकीं तो उन्होंने अपने पतियों को बताया, जिन्होंने बिल्डिंग में गेट सिस्टम लगवा दिया। इससे आरोपी दो महीने तक इस तरह की हरकत नहीं कर पाया, लेकिन इसके बावजूद वह किसी तरह एक बार फिर ऐसा करने में कामयाब हो गया। नतीजतन, निवासियों ने सीसीटीवी कैमरा लगवाया, जिसमें हाल ही में आरोपी को इस हरकत को करते हुए सीसीटीवी कैमरा में कैद कर लिया गया ।पाटिल ने बताया कि जब बिल्डिंग के निवासियों ने पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया तब फौरन ही हमने आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने उसे गैबी नगर इलाके से ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के परिवार के लोग अच्छे और पढ़े-लिखे हैं और आरोपी खुद होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस जांच के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो देखने के बाद उसने यह कृत्य किया।

# खंडवा मशाल जुलूस मामले में 18 लोगों पर केस दर्ज

## 30 से ज्यादा लोग हुए थे घायल...



**मुंबई :** खंडवा में हुए मशाल जुलूस के समापन के दौरान आगजनी की घटना में पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस दर्दनाक हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिसमें से 16 लोगों का अभी भी उपचार जिला अस्पताल में जारी है। बता दें कि, इस मशाल जुलूस के लिए अनुविभागीय अधिकारी से परमिशन ली गई थी, लेकिन इसके बावजूद जुलूस के समापन पर यह हादसा हो गया था।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने ज्वालन शील पदार्थों का लापरवाही पूर्वक उपयोग करने और अधिकारियों के आदेश को नहीं मानने वालों पर इठर की धारा 287, 223 और 125इ के तहत अपराध दर्ज किया है। सिटी एसपी अभिनव कुमार बारंगे ने बताया कि इस मामले में और भी तहकीकात की जाएगी। यदि कोई मामला सामने आता है तो धाराएं बढ़ाई भी जा सकती है।

गौरतलब है कि, खंडवा में गुरुवार देर रात हत्याकांड और आतंकवाद के विरोध में राष्ट्र भक्त वीर युवा मंच ने मशाल मार्च निकाला था। घंटाघर में समापन के दौरान मशाल रखते समय कुछ मशाल उल्टी हो गई, जिसके कारण उसमें जो बुरादा और तेल था, उससे आसपास की मशालें भभक गई। इससे वहां घेरा बनाकर खड़े लोग झुलस गए। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। लोगों के चेहरे और हाथ झुलसे हैं। फिलहाल पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

# पुणे : रियल एस्टेट एजेंट की हत्या के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**पुणे :** पुणे ग्रामीण पुलिस ने 18.50 लाख रुपये का लोन वापस न करने पर एक रियल एस्टेट एजेंट की हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना 27 नवंबर को पुणे जिले के हवेली इलाके में दिनदहाड़े हुई। आरोपियों की पहचान चोरगली निवासी जीवन उर्फ बाला शैलेश जगताप, 27, भोर निवासी अक्षय उर्फ बाबू बाबाजी शेलार, 24, भोर निवासी सोहेल उर्फ फुक्या साजिदली जोरा, 19 और भोर निवासी देवीदास उर्फ देवा लक्ष्मण तांबट, 20, तांबट अली के रूप में हुई है।

आरोपियों ने धायरी फाटा निवासी भाऊसाहेब सदाशिव किवाले के कहने पर कोल्हेवाड़ी निवासी 37 वर्षीय सतीश सुदाम थोपटे की कोयता से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि छह महीने पहले किवाले नया फ्लैट ढूंढ रहा था और इस सौदे में उसने मृतक थोपटे को अपना फ्लैट गिरवी रखकर लोन लेने के लिए मजबूर किया। इसके अनुसार, थोपटे ने 18.50 लाख रुपए उधार लिए



और आरोपी किवाले को इस्तेमाल के लिए दिए। यह तय हुआ कि लोन किवाले को चुकाना होगा।

हालांकि, पिछले कुछ महीनों से आरोपी ने लोन की एटक नहीं चुकाई। हवेली पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर सचिन वांगडे ने बताया, ''आरोपी और मृतक के बीच मतभेद था। इसलिए गुस्साए थोपटे ने किवाले के व्यवहार का उल्लेख करते हुए एक स्टेटस पोस्ट किया। जिसके परिणामस्वरूप गुस्साए किवाले ने थोपटे को खत्म करने की योजना बनाई।'' पुलिस ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के बाद उन्होंने आरोपी तांबट की पहचान की। पुलिस ने खेड़ शिवपुर से उनकी नावें बरामद कीं और कोल्हापुर जाने से पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, मुख्य आरोपी किवाले की तलाश जारी है।

# लातूर के शिक्षक, पत्नी और बेटी ने मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी

**लातूरः** लातूर के एक स्कूल शिक्षक, उनकी पत्नी और उनकी बेटी ने परभणी जिले में एक मालगाड़ी के सामने कूदकर अपनी जान दे दी, एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि ये मौतें गुरुवार को दोपहर करीब 2:30 बजे गंगाखेड़ कस्बे के पास धारखेड़ में गोदावरी नदी पर बने एक पुल के पास हुईं। मसनाजी तुड़मे (53), उनकी पत्नी रंजना तुड़मे और उनकी बेटी अंजलि तुड़मे (22) लातूर के अहमदपुर तहसील के किनी कडू के निवासी थे।

# मीरा-भाईंदर में वायु प्रदूषण पिछले एक महीने में बढ़ गया

**मुंबई :** मीरा-भाईंदर में पिछले एक महीने में वायु प्रदूषण बढ़ा है। अक्टूबर के मुकाबले नवंबर में हवा की गुणवत्ता खराब हुई है। महाराष्ट्र पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, जहां अक्टूबर में हवा का स्तर 150 एक्यूआई के साथ 'संतोषजनक' स्थिति तक पहुंचा था, वहीं नवंबर में यह 284 एक्यूआई तक पहुंच गया है। यह वायु गुणवत्ता का खराब स्तर माना जाता है। अगर यही स्थिति रही तो आगामी कुछ दिनों में शहर का प्रदूषण स्तर खराब से 'बहुत खराब' के स्तर तक पहुंच जाएगा। इसके अलावा शहर की हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) भी बढ़ रहे हैं। पीएम2.5 और पीएम10 का स्तर बढ़ने से न केवल फेफड़े प्रभावित होते हैं, बल्कि सीधे तौर पर आंखों और स्वांस नली को भी नुकसान पहुंचाता है।

इन दिनों शहर में कुछ लोगों ने आंखों में जलन की शिकायत की है। मनपा प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के उपाय प्रदूषण को नियंत्रित करने से ज्यादा कागजी खानापूर्ति तक सिमटते दिख रहे हैं। पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़े बताते हैं कि शहर की हवा में पीएम2.5 और पीएम10 पार्टिकल्स का स्तर भी बढ़ गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हवा में किसी एक दिन पीएम2.5 और पीएम10 पार्टिकल्स क्रमशः 15 और 45 से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन मीरा-भाईंदर में यह आंकड़ा क्रमशः 200 और 300 को पार चुका है। यह तय मानकों से 5 से 10 गुना अधिक है।



प्रदूषण ने शहर में दिल, फेफड़े और दमा के मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है। डॉ. राजेश शुक्ला कहते हैं कि शहर में सुबह के समय जॉगिंग करना मुश्किल हो गया है। वे कहते हैं कि शहर में लगातार चल रहे कॉन्क्रीटीकरण ने हवा की गुणवत्ता को खराब कर दिया है। डॉ. राजेश कहते हैं कि इस तरह के निर्माण कार्यों से बड़े पैमाने पर प्रदूषण होता है। हवा में पीएम2.5 और पीएम10 पार्टिकल्स आंखों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। डॉ. गौतम टकलगावकर कहते हैं कि प्रदूषण के कारण आजकल आंखों में जलन और धुंधलापन आम समस्या हो गई है। वे कहते हैं कि दौड़ते समय, बिना चश्मे के गाड़ी चलाते समय ये पार्टिकल तेजी से आंखों में जाते हैं और उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं। डॉ. टकलगावकर ने गाड़ी चलाते समय लोगों को चश्मा पहनने की सलाह दी है।

पर्यावरण प्रेमी एडवोकेट कुलदीप जैन कहते हैं कि विगत वर्ष प्रदूषण बढ़ने पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और प्रदूषण नियंत्रण के उपाय और नियमावली बनाई गईं। हालांकि मीरा-भाईंदर में लगातार नियमों का उल्लंघन हो रहा है। शहर की किसी भी कंस्ट्रक्शन साइट पर तय नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसके कारण प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

पीएम2.5 और पीएम10 पार्टिकल्स क्रमशः 2.5 और 10 माइक्रोन व्यास के कण होते हैं, जो हवा में मौजूद होते हैं। ये इतने छोटे होते हैं कि स्वांस नली के रास्ते फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। पीएम2.5 जहां फेफड़ों की अंदरूनी तह तक पहुंच जाते हैं, वहीं पीएम10 फेंफड़ों के ऊपरी हिस्से पर असर डालते हैं। इनसे आंखों, स्वांस नली और दिल पर भी बुरा असर पड़ता है।

# मुंबईः बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर ईडी की इस छापेमारी...

**मुंबईः** बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।

ईडी की इस छापेमारी का संबंध राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों द्वारा संचालित कथित पोर्नोग्राफी नेटवर्क और चैनलों से है, जो सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कथित रूप से अवैध रूप से अश्लील सामग्री फैलाने के आरोपों से जुड़ा हुआ है। ईडी के अधिकारियों ने कुंद्रा और उनके साथियों के ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है, ताकि इस अपराध के सभी पहलुओं की गहरी जांच की जा सके। राज कुंद्रा का नाम पहले भी पोर्नोग्राफी के मामले में चर्चा में आ चुका है। इस मामले में मुंबई पुलिस उन्हें गिरफ्तार तक कर चुकी थी, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।




# एजाज खान की पत्नी नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में गिरफ्तार



**मुंबई :** कस्टम विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में एक ऐसी महिला का चेहरा सामने आया है, जिसने सभी को हैरानी में डाल दिया है। ये महिला और कोई नहीं, बल्कि फिल्म अभिनेता एजाज खान की पत्नी है। 'बिग बॉस सीजन ७' फेम एजाज खान जहां नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में जेल की हवा खा चुके हैं, वहीं उनकी पत्नी फॉलन गुलीवाला को कस्टम विभाग ने नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है।

एजाज खान की पत्नी की गिरफ्तारी से वह सारे राज खुलने की उम्मीद है, जिसकी आड़ में सारा गोरखधंधा चल रहा था। छानबीन के बाद पता चला है कि तस्करी का ये रैकेट विदेश से जुड़ा हुआ है। कस्टम विभाग को सूचना मिली थी कि एजाज खान के जोगेश्वरी स्थित घर, जहां उनकी पत्नी रहती है, वहां से ड्रग्स सप्लाई का कारोबार चल रहा है। सूचना मिलते ही कस्टम अधिकारियों ने घर पर छापेमारी की और फॉलन गुलीवाला के फ्लैट की तलाशी ली तो फ्लैट से १३६ ग्राम चरस, ३३ ग्राम एमडी के खाली पाउच, २८ ग्राम एमडी की गोलियां, अन्य नशीले उत्पाद और ११ लाख रुपए नकद मिले। इसके बाद एजाज खान की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**एजाज भी खा चुके हैं हवालात की हवा**

कस्टम अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार फॉलन विदेशी नागरिक है और उसके तार विदेश से जुड़े होने का अंदेशा है। एजाज खान की पत्नी की गिरफ्तारी होने से एजाज खान के नशीले पदार्थों की तस्करी की सारी जानकारी मिलने की उम्मीद है। मालूम हो कि २०२१ में तब एजाज खान का नाम चर्चा में आया था, जब एनसीबी ने उन्हें ४.५ ग्राम वजन वाले अल्प्राजोलम की ३१ गोलियों के साथ ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया था। करीब २६ महीने जेल काटने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया गया। पत्नी की गिरफ्तारी के बाद अब कस्टम अधिकारी एजाज से भी पूछताछ करेंगे।

# मुंबई में पिछले ८ वर्षों का सबसे ठंडा दिन

**मुंबई।** तापमान में गिरावट की वजह से मुंबई-ठाणे में ठंड बढ़ गई है। ठाणे जिले में शुक्रवार को सबसे कम तापमान बदलापुर में दर्ज किया गया। बदलापुर में सुबह का तापमान ११.९ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं अंबरनाथ, उल्हासनगर शहरों का भी औसत तापमान १२ डिग्री सेल्सियस रहा ऐसे में शुक्रवार अब तक का सबसे ठंडा दिन बन गया है। वहीं मुंबई में शुक्रवार को पिछले ८ वर्षों का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया। शहर का न्यूनतम तापमान १६.५ डिग्री सेल्सियस रहा। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में ठंड के लिए अनुकूल माहौल बना हुआ है, इसलिए सभी शहरों में कम तापमान दर्ज किया जा रहा है। रात में आसमान साफ रहने से तापमान में गिरावट हो रही है। दिन में उत्तर-पूर्व से शुष्क हवा आ रही है और नमी कम होने से तापमान में गिरावट हो रही है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

# मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के इंदिरा डॉक पर पहुंचा 93 साल पुराना इतालवी जहाज अमेरिगो वेस्पुची



**मुंबई :** 93 साल पुराना इतालवी जहाज अमेरिगो वेस्पुची मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के इंदिरा डॉक पर पहुंचा। 250 क्रू के साथ, दुनिया में सबसे खूबसूरत माना जाने वाला यह जहाज 1 जुलाई, 2023 को ला स्पेज़िया में अपने घर से रवाना हुआ। मुंबई इसका 28वाँ बंदरगाह है; यह 28 देशों और पाँच महाद्वीपों में 30 बंदरगाहों पर जाने के वादे के साथ रवाना हुआ। कुछ बंदरगाहों पर एक मिनी एक्सपो, विलागियो इटालिया प्रस्तुत किया गया है। मुंबई में इंदिरा डॉक पर इटली के डिजाइन, फोटोग्राफी और तकनीक का प्रदर्शन होगा, साथ ही इतालवी वायु सेना बैंड द्वारा लाइव संगीत, वेनिस इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल ऑफ ला बिएननेल डि वेनेज़िया के सहयोग से फि ल्म स्क्रीनिंग, और वार्ता और सम्मेलन भी होंगे। अमेरिगो वेस्पुची के डिप्टी कमांडिंग ऑफि सर टॉमसो फेरांडो ने कहा, ''यह जहाज एक इतालवी फ़्लोटिंग दूतावास है।'' ''भारत के साथ एकजुटता और सामाजिक-आर्थिक विस्तार हमारे लिए महत्वपूर्ण है।'' इतालवी कलाकार गियोटो डि बॉन्डोन को समर्पित एक इमर्सिव आर्ट रूम आगंतुकों को कला और मानव मनोविज्ञान के बीच के अंतरसंबंध पर सवाल उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है; प्रदर्शन पर मौजूद अन्य कलाकृतियों में एलेसेंड्रो मेंडिनी द्वारा 'प्रूस्ट' शामिल है - एक कुर्सी का चित्र जिसके माध्यम से कलाकार यह विचार व्यक्त करता है कि एक डिजाइनर का उद्देश्य किसी वस्तु के बारे में सोचना होना चाहिए न कि केवल वस्तुओं को डिजाइन करना।

# बेस्ट का अनुमानित बजट 9,000 करोड़

**मुंबई :** बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) ने वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के लिए अनुमानित बजट पेश किया। बेस्ट के महाप्रबंधक अनिल दिग्गीकर ने बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी को यह प्रस्तावित बजट सौंपा। इस बजट का अनुमानित आकार लगभग ९,००० करोड़ रुपए है, जिसमें बकाया रकम का भी समावेश किया गया है। हालांकि, इस बजट को फरवरी २०२५ में बीएमसी के अंतिम बजट के साथ पेश किया जाएगा।



**बेस्ट ने नई बसों के लिए मांगे थे तीन हजार करोड़**

बेस्ट प्रशासन ने इस साल की शुरूआत में २०२४-२५ के लिए ३,००० करोड़ रुपए की सहायता राशि मांगी थी, लेकिन बीएमसी ने इसे मंजूरी देने से इनकार कर दिया। यह राशि नई बसों की खरीद के लिए मांगी गई थी, जिससे शहर की पहले से ही तनावग्रस्त सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुधारने में मदद मिलती। वर्तमान में बेस्ट के पास २,९७८ बसें हैं, जिनमें से १,६८४ लीज पर ली गई हैं।

**३५ लाख यात्री रोजाना करते हैं यात्रा**

बेस्ट रोजाना करीब ३५ लाख यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है, लेकिन कर्मचारी संघ के साथ हुए समझौते के अनुसार, इसे अपने बेड़े में कम से कम ३,३०० बसें बनाए रखने की आवश्यकता है। प्रशासनिक लापरवाही और वित्तीय सहायता की कमी ने बेस्ट के संचालन और सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

**एक महीने बाद मिला बोनस**

दिवाली के एक महीने बाद, बेस्ट के २७,००० कर्मचारियों को गुरुवार को बोनस का भुगतान किया गया। २७,००० से २९,००० रुपए तक की राशि कर्मचारियों के खातों में भेजी गई। लेकिन यह भुगतान तब हुआ जब कर्मचारियों ने काम ठप करने की चेतावनी दी। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी ने बेस्ट को ८० करोड़ रुपए ट्रांसफर किए, जिससे बोनस का भुगतान संभव हो सका। हालांकि, दिवाली जैसे बड़े त्योहार पर बोनस की देरी ने कर्मचारियों में असंतोष बढ़ाया। बेस्ट की वित्तीय हालत और प्रशासन की उदासीनता ने मुंबई की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को संकट में डाल दिया है। एक तरफ यात्रियों को बेहतर सेवाओं की उम्मीद है, तो दूसरी ओर वित्तीय सहायता और नियोजन की कमी से यह व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है।

# गोंदिया जिले में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत!

**गोंदिया:** शुक्रवार की दोपहर गोंदिया जिले में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस पलटने से कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस 'शिव शाही' 36 यात्रियों को लेकर पूर्वी महाराष्ट्र के भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, जब सदाकाजुर्नी तालुका के दाव्वा गांव में चालक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद यह पलट गई।



मृत 11 यात्रियों में से अब तक नौ की पहचान हो चुकी है, जबकि 50 वर्ष की आयु के दो अन्य लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। वरिष्ठ पुलिस और जिला अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

# मुंबई : राज्य में ११ महीनों में इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण ६८ लोगों की मौत; २,३३५ लोगों को संक्रमण



**मुंबई :** राज्य में इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक के ११ महीनों में इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण ६८ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस दौरान २,३३५ लोगों को संक्रमण हुआ है। वर्तमान में ११ मरीज विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अगर इसके लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और आवश्यक सावधानियां बरतें। इन्फ्लूएंजा एक वायरस जनित बीमारी है, जिसके एच१एन१, एच२एन२ और एच३एन२ जैसे उपप्रकार हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ और निमोनिया शामिल हैं। यदि ये लक्षण लंबे समय तक बने रहें, तो तुरंत जांच करानी चाहिए।

विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम की नम और 'मिड परिस्थितियां स्वाइन फ्लू या इन्फ्लूएंजा के पैछलने के लिए एकदम सही माहौल पैदा करती हैं, क्योंकि इस बार बारिश काफी ज्यादा हुई है तो फ्लू पैछलने के आसार भी ज्यादा हैं। इससे सभी उम्र के लोग प्रभावित होते हैं। उनमें से कुछ मरीजों की स्थिति गंभीर भी हो सकती है। जिन मरीजों के केस फ्लू के कारण बिगड़ जाते हैं, उन्हें अस्पताल में एडमिट भी करना पड़ता है। कुछ मामलों में ऑक्सीजन देने की भी जरूरत पड़ती है। मामलों में बढ़ोतरी का कारण मौसमी बदलाव, इनडोर समारोहों में वृद्धि और संभावित नए वायरस स्ट्रेन को भी माना जा सकता है। स्वाइन फ्लू, इन्फ्लूएंजा का ही एक प्रकार है, लेकिन स्वाइन फ्लू का वायरस इन्फ्लूएंजा के वायरस से अलग होता है।

# केईएम अस्पताल में विशेष पेन रिलीफ ऑपरेशन की शुरूआत

**मुंबई :** केईएम अस्पताल ने पहली बार क्रॉनिक दर्द से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए एक विशेष पेन रिलीफ ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की शुरूआत की है। इससे मरीजों का दर्द फुर्र हो जाएगा। यानी तत्काल आराम मिल जाएगा। यह ओटी उन मरीजों के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है, जिन्हें पारंपरिक दवाओं या थैरेपी से राहत नहीं मिलती। इस पहल का उद्देश्य मरीजों के दर्द को कम कर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। अस्पताल की डीन डॉ. संगीता रावत ने बताया कि यह सुविधा क्रॉनिक दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए शुरू की गई है। इनमें कमर दर्द, कंधे और गर्दन का दर्द, माइग्रेन, वैंछसर से जुड़ा दर्द और अन्य प्रकार के दर्द शामिल हैं। इस ओटी के जरिए मरीजों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस पहल का नेतृत्व कर रहीं डॉ. श्वेता सालगांवकर ने कहा कि क्रॉनिक दर्द से पीड़ित मरीजों का जीवन और रिश्ते बुरी तरह प्रभावित होते हैं। कई मरीज अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में साधारण काम भी नहीं कर पाते। कुछ लोग दर्द के कारण अपनी नौकरी तक छोड़ देते हैं। यह विशेष ऑपरेशन थिएटर ऐसे मरीजों को विभिन्न दर्द प्रबंधन थैरेपी प्रदान करेगा, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार होगा।




एनेस्थेसिया विभाग की प्रमुख डॉ. अमला कुदालकर ने बताया कि इस ऑपरेशन थिएटर में कैंसर और गैर-कैंसर से जुड़े क्रॉनिक दर्द का इलाज किया जाएगा। आम मामलों में साइटिका, कंधे का दर्द, घुटनों की ओस्टियोआर्थराइटिस और माइग्रेन जैसी समस्याएं शामिल हैं। इस नई सुविधा से उन मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो लंबे समय से दर्द से परेशान हैं और जिनका इलाज पारंपरिक तरीकों से संभव नहीं हो पाया है।

# चैरिटी उपायुक्त कार्यालयों का सर्वर डाउन... एक माह से ट्रस्टों का पंजीकरण, लेखा-जोखा सहित कई काम ठप

**मुंबई :** चैरिटी उपायुक्त कार्यालयों का सर्वर डाउन होने के कारण राज्यभर में पिछले एक माह से ट्रस्टों का पंजीकरण, लेखा-जोखा सहित कई काम ठप हो गए हैं। इस समस्या से पक्षकारों, वकीलों और ट्रस्टों के पंजीकरण समेत विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। हर महीने राज्य के विभिन्न कार्यालयों में कम से कम हजारों ट्रस्ट पंजीकृत होते हैं और सैकड़ों का हिसाब-किताब जमा किया जाता है। भले ही एक माह से सर्वर डाउन है, लेकिन यह क्यों डाउन है, इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। इसका कारण तकनीकी समस्या बताई जा रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि कई लोगों द्वारा अपना हिसाब-किताब सबमिट करने के कारण ही यह समस्या उत्पन्न हुई है। हालांकि, इस समस्या के बाद अब हिसाब-किताब के लिए समय में वृद्धि की गई है। सार्वजनिक संस्थानों का वित्तीय वर्ष मार्च के महीने में समाप्त होता है, इसके बाद उन्हें अगले छह महीने में किए गए हिसाब-किताब, चैरिटी कार्यालय से प्रमाणपत्र प्राप्त करने सहित अन्य कार्यों को सबमिट करना अनिवार्य होता है। लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण ये सारे काम रुके पड़े हैं। दिवाली के बाद से सर्वर में बड़ी तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसे अब तक ठीक नहीं कराया गया है।



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com